वर्ष 2 अंक 139
पृष्ठ 14+4=18
धनबाद, रविवार
24 नवंबर 2013
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण



सचिन से पहले भारत रत्न के हकदार थे ध्यानचंद - 12 संडे मोदी की चुप्पी पर प्रिया दत्त ने उठाए सवाल - 13

www.jagran.com पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

# बच्चों पर न थोपें अपना निर्णय

जासं, आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) आसनसोल का वार्षिकोत्सव शनिवार की शाम एथोड़ा स्थित स्कूल में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रामकृष्ण मिशन आसनसोल के सचिव स्वामी सुखानंद जी महाराज ने दीप जलाकर किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने गायत्री मंत्र गाया। विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए आरके मिशन के सचिव सुखानंद जी महाराज ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। उनपर ही देश एवं समाज का आनेवाला भविष्य टिका है। बच्चे पढ़ लिखकर अच्छे नागरिक बनें। इसके लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए। प्रतियोगिता के दौर में बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। बच्चे जो करना चाहते हैं उन्हें अपने मन से करने दें। उनपर अभिभावक अपना निर्णय न थोपें। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के बारे में बच्चों को बताएं। ताकि उससे प्रेरणा लेकर वे जीवन के पथ पर आगे बढ़ सकें। डीपीएस आसनसोल के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका ने कहा कि डीपीएस का उद्देश्य शिल्पांचल में बच्चों को बेहतर एवं गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करना है। आवारा भंवरें... गीत पर विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग नृत्य को सभी ने सराहा। सेमी क्लासिकल गीत, अंग्रेजी स्कीट अर्थ नाउ, अर्थ देन, नृत्य नाटक वीरपुरुष, फ्रेंच गीत, हील द वर्ल्ड आदि प्रस्तुत किया। मौके पर मैनेजिंग ट्रस्टी मंजू गोयनका, प्रिंसिपल प्रभारी बिदिशा चटर्जी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे — जागरण